Nai Dunia (Indore), 07th November 2021, Page-2

# आइआइटी इंदौर के दीक्षा समारोह में शामिल होंगे 200 विद्यार्थी

**इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर का नौवां दीक्षा समारोह 9 नवंबर को होने जा रहा है। इसमें मुख्य अतिथि भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रो. के. विजय राघवन होंगे। प्रधानमंत्री के सलाहकार अमित खरे विशिष्ट अतिथि होंगे। दोनों अतिथि आनलाइन माध्यम से जुड़ेंगे। आइआइटी बोर्ड के अध्यक्ष प्रो. दीपक बी. फाटक समारोह की अध्यक्षता करेंगे। दीक्षा समारोह में कुल 499 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की जाएगी। इस वर्ष प्रेसीडेंट आफ इंडिया गोल्ड मेडल बीटेक कोर्स के गौरव अनिल खाड़से को दिया जाएगा।

संस्थान के कार्यवाहक निदेशक प्रो. नीलेश कुमार जैन ने बताया मार्च से नवंबर 2020 के दौरान कोरोना महामारी की पहली लहर और मार्च से जुलाई 2021 के दौरान दूसरी लहर के कारण शैक्षणिक वर्ष 2020-21 सामान्य वर्ष नहीं था। आइआइटी ने इन संकट के दिनों में भी आनलाइन कक्षाएं संचालित की। संस्थान को लगातार पेटेंट भी प्राप्त हुए हैं। 2020 में पहला पेटेंट प्राप्त होने के बाद फरवरी से सितंबर 2021 के दौरान आठ पेटेंट प्राप्त हुए। अब तक 40 पेटेंट प्रकाशित हो चुके हैं। हमारा मुख्य मकसद एमएसएमई, स्टार्टअप और ट्रांसफर टेक्नोलाजी के साथ जुड़ना है। तकनीकी नवाचार के माध्यम से हमारे पड़ोस के विकास में योगदान करने के लिए जमीनी स्तर के संगठनों के साथ संपर्क और सहयोग की दिशा में भी प्रयास चल रहे हैं। समारोह आफलाइन और आनलाइन दोनों माध्यम से होगा। संस्थान परिसर में करीब 200 विद्यार्थियों और माता-पिता को आमंत्रित किया गया है। बाकी विद्यार्थियों को आनलाइन माध्यम से जुड़ने के लिए कहा गया है।